Regarding activities of certain International Organizations derailing progress of India

डॉ. निशिकान्त दुबे (गोड्डा) : अध्यक्ष जी, धन्यवाद। विपक्षी पार्टियों का यह काम है कि इनको सरकार को कैसे डिरेल करना है, उसके लिए ये अलग-अलग तरह के मंसूबे पालते रहते हैं। ? (व्यवधान) ये घृणा के शिकार हैं। मोदी जी और मोदी जी की सरकार के खिलाफ कैसे विदेशी फंडिंग के साथ डिरेलमेंट होता है, यह मैं आपके माध्यम से पूरे देश को बताना चाहता हूं। ? (व्यवधान)  अभी मीडिया पर्ट एक फ्रेंच ऑर्गेनाइजेशन है, जिसने एक रिपोर्ट निकाली है। उसने यह कहा है कि ओसीसीआरपी (ऑर्गेनाइज्ड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट) एक संस्था है और उसके साथ जीएसीसी है तथा सोरोस फाउंडेशन है। यह उसको मदद करता है तथा ? * गवर्नमेंट और सोरोस फाउंडेशन ओसीसीआरपी चलाता है। ओसीसीआरपी का क्या काम है, भारत की पार्लियामेंट को कैसे बंधक बनाना, कैसे नहीं चलने देना ? (व्यवधान) इसके साथ ह्यूमैन राइट्स ? (व्यवधान) सोरोस कौन है, सोरोस पूरी दुनिया की इकोनॉमी को कैसे डिरेल करता है। ? (व्यवधान)

सर, मैं केवल संरक्षण चाहता हूं और मैं दस क्वेश्चंस पूछना चाहता हूं। बैंक ऑफ इंग्लैंड को वर्ष 1991 में सोरोस ने भंग कर दिया, डिरेल कर दिया।? (व्यवधान) उसके कारण उसको 6 बिलियन का फायदा हुआ। आज वह भारत की इकोनॉमी को डिरेल करना चाहता है। यदि ओसीसीआरपी कोई भी रिपोर्ट बनाएगा, तुरंत कांग्रेस पार्टी उसको ट्विट करेगी। ? (व्यवधान)

सर, तीन मुद्दे हैं। पहला पेगासस है, जिस पर पार्लियामेंट नहीं चली। पेगासस जैसा मामला 18 जुलाई को आता है, वैसे ही राहुल गांधी, कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी, ? * उसको ट्विट करते हैं और यह पार्लियामेंट डिरेल हो जाता है। ? (व्यवधान) दूसरा, हिंडनबर्ग का मामला आता है, माइन्स का मामला आता है, कोल का मामला आता है, जो ओपन सोसाइटी करती है। ? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : क्या आप बोलना चाहते हैं? आप उनके बाद बोल लेना।

? (व्यवधान)

डॉ. निशिकान्त दुबे: उसके ऊपर ?* ट्विट करते हैं, ? * ट्विट करते हैं और पूरी पार्लियामेंट बंद हो जाती है। ? (व्यवधान) सर, उसी तरह से वैक्सीन का मामला है। माननीय प्रधान मंत्री जी ने 140 करोड़ लोगों को बचाया। जैसे ही यह वैक्सीन का मामला आएगा, कहेगा कि ब्राजील ने हमको रोक दिया। ? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : गौरव गोगोई जी, आप बोलेंगे?

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप लोग अपनी-अपनी सीटों पर जाइए, तब बोलने दूंगा।

? (व्यवधान)

डॉ. निशिकान्त दुबे: उसी तरह से ? * ट्विट करेंगे, ? *ट्विट करेंगे और यह पार्लियामेंट बंद हो जाएगा। ? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप सीट पर जाइए। गौरव गोगोई जी बोलेंगे।

? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : गौरव गोगोई जी, आप सीट पर जाएंगे, तभी तो आपको बोलने के लिए बुलाऊंगा!

? (व्यवधान)

**1210 hrs.**

At this stage Shri B. Manickam Tagore and some other hon. Members went back to their seats

डॉ. निशिकान्त दुबे: मेरा आपके माध्यम से कांग्रेस पार्टी के सदन के लीडर ऑफ ओपोजिशन से केवल दस सवाल हैं कि ओपन सोसायटी फाउंडेशन के सलील शेट्टी, जो भारत जोड़ो आंदोलन में गए थे, उनसे आपका क्या संबंध है? ? (व्यवधान) क्या भारत जोड़ो आंदोलन में उन्होंने पैसा दिया? ? (व्यवधान) मुश्फिकुल फज़ल से राहुल गांधी जी ने अमेरिका में जाकर मुलाकात की, जो बांग्ला देश में हो रही जीनोसाइड का जिम्मेदार है।? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : श्री गौरव गोगोई।

? (व्यवधान)

श्री गौरव गोगोई (जोरहाट) : सर, इनको बैठाइए।? (व्यवधान) सर, यह आपके निर्देश का पालन नहीं कर रहे हैं।? (व्यवधान)

डॉ. निशिकान्त दुबे: सर, मुझे सिर्फ दो मिनट दीजिए।? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : ठीक है, आप बोलिए।

? (व्यवधान)

डॉ. निशिकान्त दुबे: आनंद मंगनाले, जो शर्जिल इमाम को फंड कर रहा था, उससे आपका क्या संबंध है? इल्हान उमर, रो खन्ना और बाबर अली, जिन्होंने माननीय प्रधान मंत्री के कार्यक्रम का यूएस में विरोध किया? (व्यवधान) उसके साथ आपने मीटिंग की, जो खालिस्तान बनाना चाहता है।? (व्यवधान) जो कश्मीर को अलग करना चाहता है।? (व्यवधान) उसके साथ आपके क्या संबंध हैं? ? (व्यवधान)

**1211 hrs.**

At this stage Sushri S. Jothimani and some other hon. Members cam and stood on the floor near the Table

डॉ. निशिकान्त दुबे: इसी तरह से सोरोस ने ? * के साथ मीटिंग की थी।? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : गौरव गोगोई जी।

? (व्यवधान)

श्री गौरव गोगोई: सर, उनको बैठाइए।

? (व्यवधान)

डॉ. निशिकान्त दुबे: इसी तरह से सोरोस ने ?* के साथ मीटिंग की थी।? (व्यवधान) बी.के. नेहरू के साथ उसके क्या संबंध हैं? ? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : गौरव गोगोई जी।

? (व्यवधान)

श्री गौरव गोगोई: सर, भाजपा नहीं चाहती है कि यह सदन चले।? (व्यवधान) भाजपा ?* बोल रही है।? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : गौरव गोगोई जी, क्या आपको बोलना है?

? (व्यवधान)

श्री गौरव गोगोई: सर, मैं बोल तो रहा हूं।? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : गौरव गोगोई जी, आप बोलिए।

? (व्यवधान)

श्री गौरव गोगोई: राहुल गांधी जी देश में अमन चाहते हैं।? (व्यवधान) ? * ? (व्यवधान) ?* (व्यवधान) राहुल गांधी जी को रोका गया है।? (व्यवधान) राहुल गांधी जी, संभल में अमन और चैन चाहते हैं।? (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : सदन की कार्यवाही दो बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

? (व्यवधान)

**1212 hrs.**

The Lok Sabha then adjourned till Fourteen of the Clock

-

-

-

-

-

-

**1400 hrs.**

The Lok Sabha reassembled at Fourteen of the Clock

(Shri Jagdambika Pal *in the Chair*)

?(व्यवधान)

**14.01 hrs**

**MATTERS UNDER RULE 377**

माननीय सभापति : माननीय सदस्यगण, नियम 377 के अधीन मामलों को सभापटल पर रखे जाने वाले मामलों के संबंध में जिन सदस्यों को नियम 377 के अधीन मामलों को आज उठाने की अनुमति दी गई थी, वे अपने मामलों के अनुमोदित पाठ को तुरंत व्यक्तिगत रूप से सभापटल पर रखने की कृपा करें।